Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 20-07-2022 | अंक 290

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### एनटीपीसी द्वारा निशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज

बड़कागांव : एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोल खनन परियोजना के द्वारा आज गुरुवार सुबह 10 बजे से उच्च विद्यालय एनटीपीसी आर एंड आर कॉलोनी ढेंगा में एक निशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। स्वास्थ्य शिविर में एनटीपीसी और आरोग्यं अस्पताल हजारीबाग के विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा मरीजों का इलाज जाएगा एवं निशुल्क दवाई उपलब्ध कराई जाएगी। शिविर में मुख्य रूप से हृदय रोग विशेषज्ञ, जनरल सर्जन, महिला रोग विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक, बच्चों के लिए चिकित्सक एवं जनरल चिकित्सक उपस्थित रहेंगे। शिविर में शुगर, ईसीजी एवं हिमोग्लोबिन का जांच किया जाएगा।

APEM LIVE NEWS सच का साथी

# साड़ी धोती वितरण को लेकर विधायक व जीप सदस्य के बीच तीखी नोक झोंक, पुलिस को करना पड़ा हस्तक्षेप

## जीप सदस्या ने विधायक पर लगाया अपमानित व अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने का आरोप

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




विधायक एवं जीप प्रतिनिधि के बीच नोक झोंक

सरकार के द्वारा चलाए जा रहे सोना सोबरन कार्यक्रम के तहत गरीबों को मिलने वाली साड़ी धोती वितरण को लेकर स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला एवं बरही पश्चिमी जीप सदस्या प्रीति कुमारी तथा जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता के साथ खैरोन मे तीखी नोक झोंक हुई। मामला इतना गर्म हो गया कि पुलिस को बुलानी पड़ी। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। जानकारी के मुताबिक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत विधायक उमाशंकर अकेला को गौरियकर्मा एवं खैरोन में साड़ी धोती वितरण करना था। पीडीएस डीलर वरुण साव के यहां वितरण कार्यक्रम में जीप सदस्या प्रीति कुमारी एवं केदारुत मुखिया प्रतिनिधि विशेस्वर यादव भी पहुंचे। जब वितरण कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ तब विधायक गरीबो को साड़ी धोती बांटने लगे। मौके पर मौजूद जीप सदस्या प्रीति कुमारी एवं मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव को नजर अंदाज किया गया। जिस पर प्रीति गुप्ता एव अन्य प्रतिनिधियों ने विरोध किया। उन्होंने कहा कि उपायुक्त कार्यालय के द्वारा निर्गत पत्र में उल्लेख है कि साडी धोती का वितरण जन प्रतिनिधि करेंगे। जन प्रतिनिधि मैं भी हूँ। इसलिए मैं भी वितरण करूंगी। इतने पर विधायक भड़क गए। कहा कि वितरण कार्यक्रम मैं ही करूँगा। आपको कौन बुलाया है। इसको लेकर दोनो तरफ से काफी नोक झोंक हुई। मामला हाथापाई तक पहुंच गया। इस मामले में जीप सदस्या ने आरोप लगाई है कि उन्हें विधायक अकेला ने अपमानित किया है। अभद्र भाषा का प्रयोग किया है। इस घटनाक्रम से संबंधित वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमे विधायक जीप प्रतिनिधि के साथ धर पकड़ करते देखे जा रहे हैं। इधर घटना के बाद एक जनप्रतिनिधि को दूसरे जनप्रतिधि के साथ अभद्र व्यवहार करने का मामला तूल पडकने लगा और विधायक के इस व्यवहार का निंदा किया जा रहा है। हालांकि इस मामले में विधायक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि किसी जन प्रतिनिधि के साथ कोई दुर्व्यवहार नही किया गया है। जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता ही वितरण कार्यक्रम को बाधित किया। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद ही सुचारू रूप से वितरण किया गया। सोची समझी साजिश के तहत घटना को अंजाम दिया गया है।



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## स्कूली बच्चों के बीच ड्रेस, बैग और जूते का मुखिया ने किया वितरण





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोरियाडीह में छात्र–छात्राओं के बीच ड्रेस, बैग जूता–मौजा का वितरण किया गया। ड्रेस व जुत्ते का वितरण मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य संतोषी कुमारी, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सोनिया देवी, प्रधानाध्यापक मीना कुमारी, उपमुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा ने संयुक्त रूप से किया। धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने अभिभावकों से आग्रह किया कि प्रतिदिन बच्चों को स्कूल भेजे। साथ ही शिक्षकों को भी मन से बच्चों को पढ़ाने का अपील किया। साथ ही शिक्षको से कहा कि बच्चे व अभिभावकों द्वारा शिकायत का मौका नहीं आना चाहिए। बैग लेते समय छोटे छोटे बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। इस अवसर पर मुखिया रा. जेंद्र प्रसाद ने बताया कि विद्यालय में शत प्रतिशत उपस्थिति को लेकर सरकार द्वारा छात्र छात्राओं के लिए भोजन, बैग ड्रेस, जूता स्वेटर आदि निरूशुल्क दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी बच्चे रोजाना स्कूल बैग में अपनी अपनी पठ्न पाठ्न की वस्तुओं को लेकर आये साथ ही रोजाना स्कूल ड्रेस एवं जूता पहन कर समय से विद्यालय पहुँचे तथा नियमित विद्यालय आएं।मौके पर धनवार पंचायत मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, पंचायत समिति सदस्या संतोषी कुमारी, उपमुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, प्रधानाध्यापिका मीना कुमारी, शिक्षिका मधुबाला कुमारी, रेखा कुमारी, वार्ड सदस्य बालेश्वर कुमार, स्कूल की अध्यक्ष सोनिया देवी, रामजी प्रसाद, अजीत प्रसाद, ग्रामीण में अशोक कुमार, सुनील कुमार, बालेश्वर महतो, तारकेश्वर प्रसाद, प्रसाधी महतो, शंकर कुमार, राजेन्द्र सिंह, बाबूलाल सिंह , रीना देवी, चिन्ता देवी, कंचन देवी, टुनी देवी, गीता देवी, रेखा देवी, गुंजरी देवी, यशोदा देवी, लक्ष्मी देवी, बिन्दु देवी, गुड़िया देवी, नीलम देवी, गीता देवी, लक्ष्मी देवी, परमेश्वरी देवी, अनीता देवी, पुष्पा देवी, ममता देवी, गुंजरि देवी, अनीता देवी, साबिया देवी नीलम देवी, रेणु देवी आदि उपस्थित रहें।

## जियाडा रैयत अधिकार मंच का लगातार तीसरा दिन भी धरना प्रदर्शन जारी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



धरनाधरना प्रदर्शन में शामिल लोग

बरही औद्योगिक प्रक्षेत्र में स्थापित एचपीसीएल प्लांट में स्थानीय लोगो को रोजगार नही देने पर एवं मनमानी तरीके से प्लांट का संचालन करने के वि. रोध में जियाडा अधिकार संघ की और से लगातार तीसरा दिन भी धरना प्रदर्शन जारी है। जियाडा अधिकार मंच के अध्यक्ष नसीम अंसारी उर्फ चांद ने अपनी मांगो को बताते हुए कहा की की स्थानीय ग्रामीणों को 75 प्रतिशत रोजगार के अवसर सुनिश्चित हो और प्राथमि. कता मिले, स्वतंत्र प्रभार के ठेखा जैसे लोडिंग, अनलोडिंग, हेडिंग, क्लीनिंग एवं कैंटीन जैसे तमाम ठेका ग्रामीणों को मिले यह उनका अधिकार है, लेबर पूर्ति एवं ट्रांसपो. र्टिंग जैसे अन्य काम भी यहां के ग्रामीणों को मिले। साथ ही साथ उन्होंने बताया की बुधवार को एचपीसीएल के चीफ मै. नेजर से चार मांगो पर बात की गई तो उन्होंने अपना जवाब देते हुए कहा की जब 75 प्रतिशत स्थानीय ग्रामीणों को नौकरी सरकार देने की बात की है तो आप सरकार के पास जाए मैं क्या करू। जब उनसे जियाडा का गाइडेंस का बात करते हुए अध्यक्ष नसीम अंसारी उर्फ चांद ने कहा की जियाडा में स्थानीय युवाओं को 75 प्रतिशत नोकरी लिए प्राथ. मिकता दी गई है। तो वहां के मैनेजर ने साफ इंकार कर दिया की इस बात की मुझे कोई जानकारी नहीं है। और ना ही मुझे इस प्रकार की कोई लेटर मिली है। वहीं मौके पर मौजूद आरजेडी के युवा नेत्री पूनम यादव ने कहा की यह जमीन हमारा है। तो हमारे यहां के स्थानीय युवाओं को नौकरी भी देनी होगी। और जब तक हमारी मांग को पूरा नहीं किया जाता है तब तक यह धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। मौके पर अध्यक्ष नसीम, बरही पूर्वी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, आरजेडी के युवा नेत्री पूनम यादव, सचिव सफाउल रहमान एवं वरिष्ठ सलाहकार समस तबरेज उर्फ राजू वहीं सदस्यो में मो सरफराज, सोनू अली, इस्तियाक, संजय पासवान, मंटू कुमार, राजन, बिट्टू, सेराज अली चांद, मेराज अंसारी, जियाउल हक, इकबाल, मो शकील, मो शाकिब, इरशाद, शाहरुख सहित दर्जनों अन्य लोग मौजूद थे।

## बरही नगर भवन का निरीक्षण करने पहुंचे कार्यपालक अभियंता सी. बी. सिंह , लगेगा एयर कंडीशन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



निरीक्षण करते कार्यपालक अभियंता

बरही प्रखंड परिसर स्थित टाउन हॉल में अतिरिक्त संसाधन लगाने को लेकर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, जीप अध्यक्ष उमेश मेहता एवं जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव के निर्देश पर बुधवार को जिला परिषद के कार्यपालक अभियंता सी. बी. सिंह बुधवार को बरही पहुंचकर नगर भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कनीय अभियंता संजय कुमार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, बरही पश्चिमी पंचायत के पंसस प्रतिनिधि नवल किशोर सिंह मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान टाउन हॉल में जरूरी संसाधन लगाने को लेकर जायजा लिया। मौके पर मौजूद भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने जिला परिषद के कार्यपालक अभियंता को बताया कि गर्मी में इस भवन में कार्यक्रम करने में काफी परेशानी होती है। इसलिए इस भवन को एयर कंडीशन से युक्त होना जरूरी है। जरूरत के अनुसार एयर कंडीशन लगाया जाना चाहिए। अविलम्ब नगर भवन में एयर कंडीशन उपलब्ध कराया जाए और इसका रखरखाव के लिए केयर टेकर की भी व्यवस्था होनी चाहिए है। इस पहल के लिए भाजपा नेता रमेश ठाकुर ने बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, जिला परिषद उपाध्यक्ष उमेश मेहता, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, जीप सदस्या प्रीती कुमारी के प्रति आभार प्रकट किया है।

## शॉर्ट सर्किट से घर मे लगी आग, लाखो की सामग्री जलकर राख

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



आग से हुए नुकसान की जानकारी लेते मुखिया

रानीचुवा में शॉर्ट सर्किट से लखन यादव पिता राजेन्द्र यादव के घर मे बुधवार सुबह आग लग गई। आग लगने से घर मे रखा अनाज सहित कई कीमती सामान भी जलकर राख हो गया। कच्चा मकान होने के कारण घर भी पूरी तरह जल गया। लखन यादव ने सीओ को आवेदन देकर बताया कि वे लोग सुबह मकई के खेत मे काम कर रहे थे। इसी बीच श०र्ट सर्किट से आग लग गई। जब तक आग बुझाने का प्रयास किया गया, तब तक घर मे रखा अनाज एवं अन्य जरूरी सामग्री जलकर राख हो गया। सूचना पर मुखिया मूर्ति देवी एवं उनके प्रतिनिधि घटना स्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। दुख ब्यक्त करते हुए रामचन्द्र टुड्डू ने बताया कि लखन यादव बेहद गरीब हैं। उनका कच्चा माकन जलकर राख हो गया है। अनाज भी जल गया। इनके पास भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। आपदा राहत कोष से सहायता दिलाने का प्रयास करेंगे।

## धोती साड़ी योजना से गरीबों को मिल रहा लाभ : विधायक

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



धोती साड़ी वितरण करते विधायक व अन्य

बरही प्रखंड अंतर्गत गौरिया करमा एवं केदारूत पंचायत में सोना सोबरन योजना तहत धोती, साड़ी एवं लूंगी का वितरण बुधवार को किया गया। वितरण बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने उपस्थित अतिथियों व पंचायत प्रतिनिधियों के साथ मिलकर किया। मौके पर लोगो को संबोधित करते हुए कहा की आज भी गांव में गरीब लोगो को तन से ढकने के लिए समुचित रूप से कपड़े नही होता है। सरकार के इस महत्वाकांक्षी योजना से गरीबों को लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना गरीबों के जीवन बेहतर बनाने के लिए आरंभ किया है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि विनोद यादव, प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, बरही बीडीओ सी. आर. इंदवार, बरही थाना प्रभारी ललित कुमार, जीप सदस्या प्रीती कुमारी, कांग्रेस जिला महासचिव अब्दुल मन्नान वारसी, जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, कुणाल कतरीयार एवं नरेश सिंह सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।




APEM
LIVE

दिनांक: 20-07-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

पेज सं0: 03

## चाणक्य आईएएस एकेडमी की ओर से आयोजित सम्मान समारोह मॉडर्न पब्लिक स्कूल में संपन्न

### टॉपर अंचला को चाणक्य आइएएस एकेडमी ने लिया गोद





**अपेम लाइव : हजारीबाग**

हजारीबाग। जिले के बड़कागांव में स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल में चाणक्य आईएएस एकेडमी की ओर से आयोजित सम्मान समारोह का आयोजन बीते मंगलवार को किया गया, जिसमें प्रखंड के विभिन्न स्कूलों व कॉलेजों के मैट्रिक व इंटर टॉपर छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। चाणक्य आईएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा व जेनरल मैनेजर रीमा मिश्रा ने इंटरमीडिएट में राज्य की थर्ड टॉपर अंचला कुमारी को गोद लिया और कहा कि अब अंचला बड़कागांव की बेटी के साथ-साथ चाणक्य आईएएस एकेडमी की भी बेटी है। अब इसकी पढ़ाई-लिखाई और आईएएस बनने तक की तैयारी की जिम्मेदारी चाणक्य आईएएस एकेडमी खुद लेती है, जिससे मौजूद प्रखंड के लोग भी काफी उत्साहित दिखे और चाणक्य आईएएस एकेडमी की काफी तारीफ की। वहीं इस बीच संस्थान के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा ने कहा कि मैट्रिक और इंटर उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शन बेहद जरूरी है। सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में मौजूद छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए श्री मिश्रा ने कहा कि चाणक्य आईएएस एकेडमी समय-समय पर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन इसलिए देती है ताकि विद्यार्थियों का भविष्य आने वाले समय में उज्जवल हो। उन्होंने कहा कि बड़कागांव के विद्यार्थियों में आईएस बनने की क्षमता है और मुझे खुशी हो रही है कि कोई विद्यार्थी मैट्रिक या इंटर के बाद से ही आईएस की तैयारी उचित मार्गदर्शन में करें, तो वह जरूर आईएएस बन सकते हैं। वहीं चाणक्य आईएएस एकेडमी की जेनरल मै. नेजर रीमा मिश्रा ने कहा कि बड़कागांव से मिट्टी का जुड़ाव सिर्फ हमारे परिवार के लोगों का ही नहीं बल्कि चाणक्य आईएएस एकेडमी का भी है और मौजूद छात्र छात्राओं को आईएएस की तैयारी के लिए संस्थान हर संभव सहयोग व उचित मार्गदर्शन देती रहेगी। वहीं मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्राचार्य मोहम्मद इब्राहिम ने कहा कि चाणक्य आइएएस एकेडमी की ओर से की गई इस पहल की सराहना करता हूं और उम्मीद करता हूं आने वाले समय में भी चाणक्य आइएएस एकेडमी मैट्रिक और इंटर के विद्यार्थियों को इसी तरह से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते रहे।


## पीएचईडी कर्मचारियों की समस्या को लेकर उपायुक्त से मिले युवा नेता कृष्णा यादव





**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**

बरही विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता कृष्णा यादव के नेतृत्व में कोडरमा उपायुक्त महोदय आदित्य रंजन से मिलकर चंदवारा प्रखंड के उरवां पंचायत में स्थित पीएचईडी में जलापूर्ति कर्मचारियों के 6 माह से बकाया मानदेय के भुगतान से संबंधित समस्या के निदान हेतु बात किया। इस पर उपायुक्त महोदय ने संवेदक से बात कर जल्द से जल्द भुगतान कराने का आश्वासन दिए। साथ में कोडरमा जिला परिषद अध्यक्ष माननीय रामधन यादव जी को भी इस समस्या से अवगत कराया गया। उन्होंने भी बकाया राशि का भुगतान कराने हेतु प्रयास करने का भरोसा दिलाया। मौके पर समाजसेवी मोती दास, कर्मचारी शीतल यादव, गणेश साव, मथुरा यादव, गुलाब यादव, पिंटू दास, राजकुमार राणा, संजय मोदी, विनोद रविदास, सुनील दास, विद्यासागर राणा, संतोष दास, दिलीप यादव, कुलदीप यादव, सनोज पासवान, राजू प्रवेश, वीरेंद्र यादव, महेश कुमार, रंजीत दास, गुलाब यादव, एवं अन्य कर्मचारी गण मौजूद थे।




## डोमचांच नव निर्माण संघर्ष समिति की बैठक सम्पन्न

### बिजली-पानी समस्या के खिलाफ आंदोलन करने का लिया निर्णय

**अपेम लाइव : डोमचांच**
**सुनिल रजक**




डोमचांच नव निर्माण संघर्ष समिति की एक आवश्यक बैठक डोमचांच काली मंडा प्रांगण में मंगलवार शाम को की गई। जिसमें अभी तक किए गए कार्यों की समीक्षा एवं आगे होने वाले आंदोलन की रूपरेखा तय की गई। इस दौरान डोमचांच के सभी 14 वार्डों में आमसभा कराकर वहां प्रस्ताव पारित कर एवं हस्ताक्षर अभियान चलाकर डोमचांच नगर पंचायत भंग करने की मांग की जाएगी। इस अभियान को सफल करने के लिए प्रत्येक दो वार्ड में पदाधिकारियों को प्रभारी नियुक्त किया जाएगा। डोमचांच के कई व्यापारियों का प्रस्ताव है कि अपनी आवाज को सरकार तक बुलंदी से पहुंचाने के लिए एकदिवसीय बंदी का आयोजन किया जाए। यह भी प्रस्ताव पारित हुआ कि आम व्यापारियों से सहमति बनाकर एक दिवसीय बंदी किया जाएगा। सर्वसम्मति से निर्णय पारित किया गया कि एक संरक्षक मंडल का निर्माण किया जाए और डोमचांच के प्रबुद्ध लोगों को जोड़ा जाए। साथ ही साथ कार्यकारिणी का विस्तार किया जाए। बिजली एवं पानी की खराब व्यवस्था के खिलाफ आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। अंत में बिजली मिस्त्री स्वर्गीय रोहित मेहता की करंट लगने से आकस्मिक निधन पर सभी पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों ने 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया गया व उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता देवेंद्र कुमार मेहता व संचालन शैलेंद्र कुमार सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से बसंत मेहता, संजय मेहता, सुनील सिन्हा, शिव कुमार मेहता, देव नारायण यादव, श्याम सिंह राजपूत, वीरेंद्र कुशवाहा, सुजीत मेहता, पवन गोस्वामी, त्रिलोचन मेहता, मोहन साहू, अमरदीप कुमार, अजय सिंह, अशोक यादव, मन्ना राम, मनोज कुमार मेहता, मनोज कुमार ज0नी, संतोष विश्वकर्मा, मलाई पांडे, मणिलाल मेहता, धीरज कुमार, वीरेंद्र कराटे, किरण प्रकाश, दीपक राम, अरविंद कुमार, सरोज मेहता आदि उपस्थित थे।

## गिरिडीह जिला युवा कांग्रेस का भाजपा पर पोस्टर वार

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




भारतीय युवा कांग्रेस के निर्देशानुसार आज गिरिडीह जिला युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष हसनैन अली के नेतृत्व में शहर के प्रमुख चौक चौराहों पर जम्मू एवं उदयपुर में हुई दर्दनाक घटना के खिलाफ भाजपा के खिलाफ पोस्टर लगाकर विरोध किया ! इस संदर्भ में जिला अध्यक्ष हसनैन अली ने कहा कि भाजपा राष्ट्रवाद की बात करती है लेकिन बीते दिन राजस्थान के उदयपुर और जम्मू में जो घटना घटी है उसमें एक आरोपी रियाज है जो भाजपा का नेता और दूसरा आरोपी तालिब है और यह जम्मू बीजेपी आईटी सेल का चीफ है और फोटो में स्पष्ट रूप से या दिख रहा है कि भाजपा के नेताओं द्वारा इन दोनों आरोपियों को पूर्व में भाजपा का पट्टा पहनाकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराया गया है ऐसे में निश्चित तौर पर कहा जा सकता है कि भाजपा देश को तोड़ने की साजिश कर रही ताकि देश की जनता को गुमराह हो जाए और इस तानाशाह भाजपा की सरकार से जनता महंगाई , बेरोजगारी , अर्थव्यस्था पर सवाल ना उठा सकें !

## बी डी ओ हुलास महतो ने किया पी एम आवास का निरीक्षण

### आवास कार्य पूर्ण नहीं करने वालो पर होगी मुकदमा दर्ज,





**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी : प्रधानमंत्री आवास योजना में वैसे लाभुक जिन्हें पहली किस्त की राशि दे दी गई एवं राशि लेने के बाद भी आवास का कार्य नहीं शुरू किए हैं या फिर वैसे लाभुक जिन्हें राशि मिला है और आवास का कार्य लंबित रखे हुए हैं,वैसे लाभुकों पर जो लाभुक आवास नहीं बना रहे या नहीं बनाएंगे उन पर सर्टीफिकेट केस करते हुए पहले पैसे की रिकवरी उसके बाद उन पर मुकदमा भी दर्ज किया जाएगा। उक्त बातें बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो ने प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में बनाए जा रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के निरीक्षण के दौरान श्री महतो ने कहा कि कई ऐसे लाभुक हैं जो पिछले 1 साल से पैसा लेकर उनके खाते में आवास बनाने के लिए पैसा भेज दिया गया है।बावजूद आवास का कार्य शुरू नहीं किए हैं। वैसे लाभुकों पर पैसे वापसी की जल्दी नोटिस की जाएगी। और यदि आवास का कार्य उसके बाद भी नहीं शुरु करते हैं या पैसा वापस नहीं करते हैं तो ऐसी स्थिति में उन पर मुकदमा भी दर्ज किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि जो लोग पैसा लेकर आवास का कार्य नहीं कर रहे हैं अपनी जिंदगी में कभी भी प्रधानमंत्री आवास लेने लायक नहीं रह जाएंगे।चुकी आवास एक ब्यक्ति को एकही बार मिलता है। उन्होंने कहा कि जो आवास पूर्ण कर लिए हैं उनकी अगली किस्त जल्द ही उनके खाते में डीबीटी के माध्यम से भेज दी जाएगी।मौके पर संबंधित पंचायत के पंचायत सेवक भी उपस्थित थे।

APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## चलकुशा में भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा : प्रखंड मुख्यालय के निकट पंचायत भवन के समीप भाजपा मंडल कार्यसमिति का बैठक आयोजन किया गया! बैठक मंडल अध्यक्ष अशोक वर्णवाल के अध्यक्षता में हुई। संचालन महामंत्री अजय सिंह ने किया ! बैठक में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योजनाओं को हर घर तक पहुंचाने पर विचार विमर्श पर किया गया भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा संकल्प लिया गया! कि चलकुशा पावर सब स्टेशन को जल्द से जल्द चालू करने को लेकर चर्चा की गई ! अगर बिजली विभाग के द्वारा अभिलंब पावर सब स्टेशन चालू नहीं किया गया तो चलकुशा भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा जोरदार तरीके से आंदोलन करने का निर्णय भी लिया गया! मौके पर मंडल उपाध्यक्ष विजय चौधरी,महामंत्री,श्याम सुंदर यादव, मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह,मुन्ना यादव, सुनील पासवान, रामदेव यादव, वासुदेव यादव, इंद्रदेव चौधरी,गोविंद चौधरी,दीपक मोदी, गोपाल पासवान एवं काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

## विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल बंडासिंगा उपखण्ड कमेटी गठित

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा विश्वहिंदू परिषद बजरंग दल का एकदिवसीय बैठक प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव की अध्यक्षता में काली मंडप बड़ासिंगा परिसर में किया गया। जिस निमित्त कार्यक्रम का संचालन प्रखण्ड पालक सह जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता ने किया । बैठक में बड़ासिंगा उपखण्ड कमिटी का गठन किया गया सर्वसम्मति से पालक गणेश नायक, अध्यक्ष संजय पांडेय उपाध्यक्ष रामेश्वर यादव , मंत्री मनीष पाण्डेय,सह् मंत्री भागीरथ ठाकुर, संयोजक समाजसेवी शंकर साव, सह संयोजक अर्जुन नायक, सत्संग प्रमुख आचार्य प्रकाश पांडे, सह सत्संग प्रमुख लक्ष्मण पांडे ,मातृशक्ति चिंता देवी,दुर्गावाहिनी संयोजिका बसंती देवी,सह संयोजिका भुनेश्वरी देवी,सेवा प्रमुख दिनेश रविदास, सह सेवा प्रमुख रोहित रविदास,प्रचार प्रसार प्रमुख प्रयाग राणा,मिलन प्रमुख मुकेश मंडल,गौ रक्षा प्रमुख परमेश्वर साव, व्यवस्था प्रमुख राजकुमार मोदी,सुरक्षा प्रमुख सीताराम यादव को मनोनीत किया गया।बैठक में मुख्य रूप से प्रखण्ड संयोजक दीपक राणा,प्रखंड मंत्री सत्यम भारती,गौ रक्षा प्रमुख विक्की चंद्रवंशी, बेलकप्पी पंचायत अध्यक्ष सुरेश कुमार पांडे, सह मंत्री गणेश नायक, सह संयोजक रोहित लाल तिवारी,कार्यकारणी सदस्य भुनेश्वर यादव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए।

## चलकुशा के पत्रकारों से मांगा समर्थन

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**




चलकुशा : प्रेस क्लब हजारीबाग के चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज उम्मीदवार अपना समर्थन मांगने को लेकर अब अंचल की ओर रुख कर रहे हैं. इसी क्रम में प्रेस क्लब हजारीबाग के उपाध्यक्ष पद हेतु उम्मीदवार अशोक नाग एवं संयुक्त सचिव पद हेतु उम्मीदवार अरविंद कुमार चलकुशा के पत्रकारों से मिलकर अपने पक्ष में समर्थन मांगा. अशोक नाग ने कहा कि प्रेस क्लब हजारीबाग के उत्थान एवं पत्रकारों के अंचल स्तरीय समस्याओं का निदान के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा. मौके पर पत्रकार विक्रम सिंह,मुन्ना यादव, इजहार हुसैन, अशोक चौधरी, धीरेंद्र पांडेय, इत्यादि मौजूद थे.।

## अखंड हरि कीर्तन के समापन में पहुंचे विधायक एवं पूर्व विधायक

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा -प्रखड अंतर्गत ग्राम पंचायत अलगडीहा में अखंड हरि कीर्तन के समापन में पहुंचे बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव इस मौके पर विधायक एवं पूर्व विधायक ने अखंड हरी कीर्तन में झुमते झुमते हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे में भक्ति में नजर आए। मौके पर मुखिया अंजना देवी, आलोक सिंह, दशरथ यादव मुखिया प्रतिनिधि रामजीत रजक, वासुदेव यादव ,अनुज रवि ,भुवनेश्वर स्वर्णकार, श्याम सुंदर यादव, राजेश यादव, भुवनेश्वर दास, सुरेंद्र सिंह कृष्णा यादव इत्यादि लोग शामिल थे।

## विधायक प्रतिनिधि एवं मुखिया ने धोती, साडी, लूंगी का किया वितरण

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा : प्रखड के पंचायत चलकुशा में झारखंड सरकार के महत्वकांक्षी योजना सोना सोबरन के तहत जन वितरण प्रणाली दुकान अनुसूचित जाति विकास स्वयं सहायता समूह एवं जन वितरण प्रणाली विक्रेता बालदेव यादव बाराड़ीह में विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह स्थानीय मुखिया आलोक सिंह पसंस रिंकी देवी, के उपस्थिति में लाभुकों के बीच धोती, साड़ी,लूंगी का वितरण किया। मुखिया आलोक सिंह ने कहा की झारखंड सरकार की महत्वकांक्षी योजना गरीबों के तन ढकने के लिए सरकार की ओर से उक्त योजना की शुरुआत की गई है। मौके पर लखन साव,उमेश साव, विनोद यादव एवं काफी संख्या में लाभुक उपस्थित थे।

## उरवां स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में चोरी का प्रयास

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**

चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची-पटना मुख्य मार्ग उरवां स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के विजैया शाखा में सोमवार रात अज्ञात चोरों द्वारा किये गए चोरी का प्रयास। इस बाबत सेंट्रल बैंक में कार्यरत शाखा प्रबंधक त्रिवेणी साहू ने चंदवारा थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज करावाया है। दिए गए आवेदन में कहा है कि मंगलवार को सुबह 9:40 में मैं जब पहुँचा तो देखा की शटर का दोनों ताला टूटा हुआ है। ताला को तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया गया है। चोरी करने आए अपराधियो ने सीसीटीवी कैमरा को ऊपर की ओर घुमा दिया है। चोरी करने आये अपराधी सिर्फ रास्ते का ताला ही तोड़ पाए। अंदर का ताला तोड़ने में असफल रहे। इस बाबत मंगलवार को चंदवारा के थाना प्रभारी अनिल सिंह से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि थाना में बैंक के कर्मचारियों के द्वारा कोई आवेदन नही दिया है जबकि दिए गए आवेदन मंगलवार का रिसिविंग है।




## कान्हाचट्टी मुखिया संघ के अध्यक्ष की चुनाव हुआ सम्पन्न

### विकास उर्फ छोटु सिंह बने मुखिया संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी : बुधवार को कान्हाचट्टी मुखिया संघ का चुनाव सम्पन्न हुआ।जिसमें राजपुर पंचायत के मुखिया विकास कुमार उर्फ छोटु सिंह को निर्विरोध मुखिया संघ का प्रखण्ड अध्यक्ष बनाया गया।यह निर्णय प्रखण्ड के सभी दस पंचायतो के मुखियाओं ने बैठक कर निर्णय लिया।छोटु सिंह के मुखिया बनने पर प्रखंड के सभी मुखिया और पूर्व मुखियाओं ने बधाई दी है।इस सम्बंध में बुधवार को प्रखण्ड अध्यक्ष बनाए जाने की विधिवत जानकारी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को सभी मुखियाओं ने ज्ञापन के माध्यम से दी।मुखिया संघ के अध्यक्ष विकास कुमार को बनाए जाने पर नव चयनित अध्यक्ष को बधाई दिए हैं।इधर छोटु सिंह ने कहा कि सभी मुखियाओं ने मुझ पर जिस आशा और उम्मीद के साथ प्रखण्ड अध्यक्ष बनाया है मै सभी के आशा पर खरा उतरूंगा।जिस समय हमारी जरूरत पड़ेगी मैं आधी रात को तैयार रहूंगा।अध्यक्ष को बधाई देने वालो में मुखिया रवीना देवी,आफताब हुसैन,देवनंदन भुइयाँ,बब्लू भुइयाँ,बद्री दाँगी,घनश्याम पांसी, योगेश यादव, रामरंजन साव,राकेश सिंह,मो.शेरशाह सहित दर्जनों लोगों का नाम शामिल है।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## सहारा इंडिया कंपनी ने लेटर जारी कर अपने निवेशकों से किया अपील

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




सहारा सेबी प्रकरण से भला कौन वाकिफ नहीं है आज देश में। सहारा सेबी का मामला देश के सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है। सहारा इंडिया कंपनी के कार्यकर्ताओ और निवेशकों की आज जो स्थिति बन चुकी है उसका आकलन ना ही सर्वोच्च न्यायालय कर पाएगा और ना ही सेबी। विगत चार वर्षो से सहारा इंडिया कंपनी के कार्यकर्ताओ और निवेशकों का भूगतान लंबित है। कल तक जो सहारा इंडिया कंपनी दावा करती थी कि हमने बारह लाख बेरोजगारों को रोजगार देने का काम किया है आज वही उन बारह लाख कार्यकर्ताओ (एजेंटों) को भुखमरी की कगार पर पहुंचा दिया है। भूगतान नही करवा पाने के कारण कई कार्यकर्ताओ ने सुसाइड कर लिया और कई हृदयाघात का शिकार होकर जान गंवा चुके हैं। जिन्होंने अपना बेटा खोया, जिन्होंने अपना पति खोया क्या सहारा इंडिया कंपनी या सेबी उसे वापस कर सकेगा? आज के समय में सहारा इंडिया कंपनी के कार्यकर्ताओ (एजेंटों) का घर से निकलना दुभर हो गया। सहारा इंडिया कंपनी के कई कार्यकर्ताओ ने अपना मोबाइल नंबर बदल लिया तो कई ने अपना रहने का ठिकाना बदल लिया। इसका मुख्य वजह निवेशकों को सहारा इंडिया कंपनी से भूगतान नही दिला पाना है। विगत 14जुलाई 2022को सहारा इंडिया परिवार ने पत्रांक संख्या 34/101/4098जारी कर अपने कार्यक्रताओं और निवेशकों से सेबी के खिलाफ़ आवाज़ उठाने और विरोध प्रदर्शन करने की मांग की है। पत्र में लिखा है कि ष्जैसा कि आप सभी को पूर्व से ही प्रबंधन के द्वारा संज्ञान में लाया गया है कि दिनांक 21/11/2013को माननीय उच्च न्यायालय के द्वारा सहारा ग्रुप अ०फ कंपनीज पर अंबार्गो लगा दिया गया जिसके तहत संस्था की किसी भी चल अचल संपत्ति को बेचने पर रोक लगा दी गई। उसके पश्चात दिनांक 03/08/2016को ऑर्डर के माध्यम से आदेशित किया गया की सहारा को उनके स्वामित्व वाली चल अचल संपत्ति बेचने या बंधक रखने की अनुमति दी जाती है। इस शर्त पर कि समस्त विक्रय धनराशी जो कि सहारा को प्राप्त होगी वह सहारा सेबी खाते में जमा की जाएगी एवं उसका समस्त विवरण न्यायालय में प्रस्तुत करना होगा। यहां तक कि सहारा अपने भूगतान अन्य विविध खर्च एवं सैलरी इत्यादि के लिए एक रुपए का भी उपयोग नही कर सकेगा। सहारा के द्वारा वर्ष 2012से अब तक सहारा सेबी एस्क्रो खाते में मय ब्याज 25हजार करोड़ रुपए से अधिक धन राशि जमाकर करवाई गई है। सेबी ने देश भर मे पिछ्ले 09वर्षो में 154अखबारों में 04बार विज्ञापन देने के बाद वर्ष 2021के प्रारंभ तक केवल 125करोड़ रुपए का ही भूगतान सहारा के सम्मानित जमाकर्ताओं को किया है। मार्च 2018में प्रकाशित अपने अन्तिम विज्ञापन में सेबी ने यह स्पष्ट कर दिया था कि वह जुलाई 2018के बाद किसी भी अन्य दावे पर विचार नही करेगा। सहारा के द्वारा अपने सीमित संसाधनों से अभी तक भूगतान प्रक्रिया जारी रखी गई परंतु 25हजार करोड़ बैंक खाते में निष्क्रिय पड़े रहने के बावजूद भी उसका उपयोग नही कर सकते हैं। नतीजतन सहारा को अब अपने सम्मानित जमाकर्ताओं के मैच्योरिटी धनराशि के साथ साथ रेन्ट, सैलरी, कमीशन और वैधानिक देनदारियों को भी देने में परेशानी आ रही है और माननीय उच्च न्यायालय एवं सेबी के द्वारा शीघ्र ही कोई सकारात्मक पहल नहीं किया गया तो सहारा कुछ भी भूगतान करने में असमर्थ हो जाएगा। संस्था की आप सभी से गुजारिश है कि आप द्वारा हमारे कार्यालयों के कार्यो में व्यावधान एवं तोड़फोड़ करने अथवा हमारे फील्ड एवं अ०फिस के कार्यकर्ताओ के साथ दुर्व्यवहार कर उन्हे परेशान करने से बेहतर होगा कि विभिन्न माध्यमों से सेबी पर दबाव बनाएं जिससे कि वह हमारी धनराशि वापस करे और हम आसानी से आप सभी की देनदारियों का भूगतान कर सके। विगत 44वर्षो में हम आपके द्वारा निवेशित धन के संरक्षक बनकर रहे एवं ना सिर्फ़ समय से भूगतान किया बल्कि आवश्यकता पड़ने पर पेपर में विज्ञापन देकर सम्मानित निवेशकर्ताओं को बुला बुलाकर भूगतान किया। आज भी हमारी नियत उतना ही साफ है और विगत आठ वर्षो से आप सभी को हुई परेशानियों की वजह से हमे आत्मिक कष्ट है। आप सभी से पुनः नि. वेदन है कि हमारे कार्यालयों और कार्यकर्ताओ को तंग ना कर यदि सेबी पर धन वापसी हेतु दबाव बनाएंगे तभी आपको और हमे भी शीघ्रता शीघ्र निदान प्राप्त होगा।ष निवेशकों का कहना है कि मैंने अपना धन सहारा इंडिया कंपनी में जमा करवाया है सेबी में नही तो फिर सेबी से किस आधार पर दबाव बनाएं। जमाकर्ताओं का यह भी कहना है कि आज किसी की धन के अभाव में इलाज नही हो पा रहा है तो किसी को जमीन बेचकर बेटी की शादी करनी पड़ रही है, किसी के बच्चें की पढ़ाई रुक गई है तो किसी का मकान अधुरा पड़ा हुआ है। लोगों का कहना है कि मुझे मेरा जमाधन सहारा इंडिया कंपनी से चाहिए जितनी जल्दी मिल जाय बेहतर होगा वरना चरणबद्ध तरीके से आंदोलन सड़क से सदन तक किया जाएगा।

## गिरीडीह सदर प्रखंड के जसपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने गुरुपूर्णिमा सह गुरु दक्षिणा उत्सव मनाया गया





**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**

गिरीडीह प्रखंड के जसपुर में गुरु पूर्णिमा सह गुरु दक्षिणा उत्सव मनाया गया।उत्सव की शुरुआत भगवा ध्वज लगाकर भारतमाता,डॉ हेडगेवार एवं गुरु जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। गुरु पूजन का यह कार्य गिरीडीह खंड के 15 स्थानों पर संपन्न हुआ। मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के झारखंड प्रांत के प्रांत प्रचारक गोपाल जी ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरा विश्व गुरु–पूर्णिमा उत्सव मना कर अपने गुरु के प्रति श्रद्धा–सुमन अर्पित कर रहा है। संघ व्यक्ति विशेष को नहीं बल्कि भगवा ध्वज को अपना गुरु मानते हुए पूजन कर रहा है। डॉ केशव बलिराम हेडगेवार ने नागपुर में सन1925 के विजयादशमी के दिन संघ की स्थापना की थी।संघ के तपनिष्ठ साधना को लेकर संघ वर्ष भर में छह उत्सव का आयोजन करता है जिसमें गुरु पूर्णिमा उत्सव सबसे महत्वपूर्ण है।हम 2025 में संघ की स्थापना का शताब्दी वर्ष मनाने जा रहे हैं। झारखंड में संघ का कार्य सन् 1940 से प्रारंभ हुआ है।शताब्दी वर्ष पर हम सभी को मंडल स्तर तक दैनिक शाखा,साप्ता. हिक मिलन का कार्यक्रम करना है। संघ कार्य का विस्तार करने वाला ही स्वयंसेवक है और यह कार्य संघ के नित्य शाखा से प्रारंभ होता है।कहा कि देश की सुरक्षा के प्रति संघ हमेशा चिंता व्यक्त करता रहा है।आज हमें बाहरी विरोधियों से नहीं बल्कि आंतरिक विरोधियों का डटकर मुकाबला करना है। उपस्थित स्वयंसेवकों ने भगवा ध्वज को नमन कर गुरु पूजन सह गुरु दक्षिणा किया।अंत में संघ प्रार्थना से उत्सव का समापन हुआ। कार्यक्रम में हजारीबाग विभाग के सह विभाग कार्यवाह मुकेश रंजन सिंह, गिरीडीह खंड के कार्यवाह बबलू जी, खंड व्यवस्था प्रमुख संतोष जी देगलाल जी,प्रमोद जी,दिलीप जी,देवनाद जी, रणजी जी,सौरव सुमन जी सहित काफी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## मुखिया पारसनाथ ने बिरहोर कॉलोनी में धोती साड़ी एवं लूंगी का वितरण किया

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



साड़ी एवं लूंगी वितरण करते मुखिया पारसनाथ

बड़कागांव प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रवि रंजन की देखरेख में सोना सोबरन वस्त्र योजना के अंतर्गत कांडतरी पंचायत के मुखिया पारसनाथ प्रसाद के नेतृत्व में सतबहीया बिरहोर क०लोनी में 51 कार्ड धारियों के बीच धोती साड़ी एवं लूंगी एवं अनाज का का वितरण किया गया। कांडतरी पंचायत के मुखिया पारसनाथ प्रसाद एवं बिरहोर कॉलोनी से नवनिर्वाचित निर्विरोध चुने गए वार्ड सदस्य अनिल बिरहोर के हाथों वितरण किया गया। मौके पर मुखिया ने कहा कि सरकार के द्वारा निर्धारित सभी योजनाओं को आपके द्वार पहुंचाना हमारा परम कर्तव्य है किसी प्रकार की कोई शिकायत मिले तो सीधे मुझसे शिकायत करें आपका हक व अधिकार दिलाना हमारा काम है। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से बुद्धिनाथ साव, डीलर रहमान अली काजिम हुसैन, रंजीत कुमार ,कर्णपुरा महिला मंडल एवं फूलचंद कुमार के अलावा कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## चौपारण प्रेस क्लब पहुंचे प्रेस क्लब हजारीबाग के प्रत्याशी

### उमेश राणा, सुबोध मिश्रा, अविनाश अंजन व अन्य

**अपेम लाइवः चौपारण**




चौपारण प्रेस क्लब में प्रत्याशियों का आना और अपनी उपलब्धि के साथ समर्थन मांगने का शिलशिला लगातार जारी है। इसी क्रम में बुधवार को उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी उमेश राणा, सचिव पद के प्रत्याशी सुबोध मिश्रा चौपारण पहुंचे। साथ ही संयुक्त सचिव पद के लिए अविनाश अंजन, उपाध्यक्ष पद पर अभिषेक कुमार, कार्यकारणी सदस्य पद के लिए रितेश ठाकुर ने भी अपने पक्ष में मतदान करने का अपील किया। चौपारण प्रेस क्लब कार्यालय में चौपारण प्रेस क्लब के अध्यक्ष के अगुआई में भिन्न–भिन्न पदों पर चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशियों को स्वागत किया। साथ ही समर्थन का भरोसा भी जताया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नई कमिटी बनते ही कई ऐसे कार्य किये जायेंगे। जिससे अंचल के पत्रकारों को नई ताकत व पहचान मिलेगी। कुछ लोगों का मनोप०ली है कि लोग आपस मे उलझे रहें पर हमें मिलकर एक जुट्ता के साथ पत्रकार हित मे कार्य करना है। मजबूत टीम को समर्थन की अपील करते हुये सभी के हितार्थ कार्य करने का आश्वासन दिया। अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजा. पति ने कहा कि प्रेस क्लब के चुनाव में पहली बार आंचलिक पत्रकारों को चुनाव लड़ने और मतदान करने का मौका मिला है। इसके लिए सभी आंचलिक पत्रकार आभार व्यक्त करते हुए मतदान करने का सहमति बनाई। मौके पर वरिष्ठ पत्रकार अजय ठाकुर, प्रेस क्लब अध्यक्ष हरेंद्र राणा, सचिव अरविंद कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष शंकर यादव, अभिमन्यु सिंह, राम सेवक राणा, अक्सर अंसारी, मुकेश सिंह, संतोष विश्वकर्मा, अरविंद साव, किशोर राणा, मिथुन दांगी, सुनील सिन्हा सहित कई पत्रकार उपस्थित थे।

APEM LIVE NEWS सच का साथी






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## फुटानी चौक एवं चेपाकला में जेजे एमपी नक्सली संगठन ने पोस्टर चिपकाकर ठेकेदार को दी धमकी

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बडकागांव : थाना क्षेत्र अंतर्गत चेपा कला पंचायत के 5 किलोमीटर दूर जुगरा उच्च विद्यालय के बगल गवाट के चबूतरा पर एवं बड़कागांव पश्चिमी पंचायत स्थित चंदन टिल्हा के जीएम कुशवाहा चौक (फुटानी चौक) तथा चेपाखुर्द गांव होटल के दीवार में पर झारखंड जन मुक्ति परिषद (जेजेएमपी) संगठन की ओर से पोस्टर चिपकाया गयास पोस्टर के माध्यम से ठेकेदारों को चेतावनी देते हुए कहा गया है, कि काम शुरू करने से पहले संगठन के अभिजीत से मिले, अन्यथा फौजी कार्रवाई की जाएगीस ग्रामीणों ने नक्सली पोस्टर देखते ही दहशत में आ गए। इसकी सूचना बड़कागांव थाने को दी, सूचना मिलने के बाद पुलिस पहुंची और पोस्टर को उखाड़कर जब्त किया। पोस्टर में सभी ठेकेदारों को सूचित करते हुए कहा गया है, कि कोई भी काम चालू करने से पहले जेजेएमपी संगठन के अभिजीत जी से बात करें, इसके बाद ही काम चालू किया जाए। अगर बिना बात किए हुए कोई ठेकेदार काम चालू करेंगे, तो उस पर जेजेएमपी संगठन फौजी कार्रवाई करेगी। इसकी जिम्मेवारी संगठन की नहीं, बल्कि ठेकेदार की होगी। मामले को लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने कहा कि यह काम शरारती तत्वों की लग रही है जांच पड़ताल जारी है । पोस्टर जप्त किया गया है , पोस्टर चिपकाने वालों की तलाश की जा रही है, जल्द पकड़े जाएंगे।

## झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन इकाई गिरीडीह ,की बैठक हुई

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**



गिरीडीह प्रखंड के सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय राजपुरा,परसातंद पचम्बा में झारखंड प्राइवेट एसोसिएशन इकाई गिरीडीह की बैठक संघ कार्यालय में बैठक हुई ।जिसमें गिरीडीह प्रखंड के सभी विद्यालयों के संचालक तथा प्रधानाचार्य सामिल हुए ।संघ के अध्यक्ष सहदेव माहतो कहा संघ को और मजबूत करना होगा सभी की भगिदारी होनी चाहिए ।विद्यालय संचालन तथा सभी प्रकार की समस्या के लिए संघ आपके साथ खड़ा है ।संघ के द्वारा विभिन प्रकार के कार्यक्रम होता है जिससे गांव के बच्चे में प्रतिभा खोज की भी कार्यक्रम होता रहता है ।निजी विद्यालय को अपने विद्यालय में साफ सफाई पर भी जोर देने की बात कही ।संघ के सचिव प्रमोद कुमार ने कहा कि चित्रकला प्रतियोगिता में सफल विद्यार्थियों को पुरिस्कृत बहुत जल्द किया जाएगा। हमारी संघ बहुत मजबूत हो रही है ।आज संघ के पास लगभग 80 विद्यालय रजिस्टर है ।तथा हर प्रकार की निजी विद्यालय की समस्या को हल किया जाता है। मौके पर संरक्षक अजित मिश्रा, संघ के अध्यक्ष सहदेव महतो,कोषाध्यक्ष प्रयाग महतो,राजेश रवानी,परमेस्सर वर्मा,आदि उपस्तित थे।

## इंक़लाबी नौजवान सभा बिरनी की एक बैठक सम्पन्न

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**




बिरनी प्रखंड के इंक़लाबी नौजवान सभा बिरनी की एक बैठक की गई , जिसमे डाल्टेनगंज में होने वाले इनौस के राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारी को लेकर , अग्निपथ योजना के खिलाफ , युवाओं को सम्मान जनक रोजगार के लिए , देश मे बढ़ते साम्प्रदायिक नफरत के खिलाफ , युवाओं को गोलबंद करते हुए इंक़लाबी नौजवान सभा का सदस्ता अभियान चलाने का रूप रेखा तैयार की गई और और उपस्थित साथियों ने संकल्प लिया कि पूरे बिरनी में अलग अलग तीनो जिलापरिषद जॉन में सघन रूप से गाँव चलो अभियान के तहत आगमी गुरुवार से इनौस का सदस्यता अभियान पश्चिमी ज०न के बरहमसिया तथा पूर्वी जॉन के पेशम से शुरु की जाएगी और ये अभियान अपने लक्ष्य को हासिल करने के बाद ही रुकेगी , बैठक में इस अभियान के लिए टीम भी गठित कर ली गई है । इस बैठक मे मुख्य रूप से पार्टी के प्रखण्ड सचिव सीताराम सिंह जी मौजूद रहे, साथ ही इनौस प्रदेश कमिटि के सदस्य राजेश कु विश्वकर्मा, सीताराम पासवान, विक्रम आनंद रॉय, इनौस जिला कमिटि के सदस्य फूलदेव पासवान, विजय रॉय, राजेन्द्र यादव, इरफान अंसारी , सूर्यदेव तुरी, कमरुल अंसारी, इकबाल अंसारी, इनौस प्रखण्ड कमिटि के साथी सोनू रॉय, भरत कु रजक, मिन्हाज अंसारी, अर्जुन साव, संतु चौधरी, संतोष राम, शंकर दास, घनश्याम कुमार आदि दर्जनों नौजवान साथी शामिल हुए।




## बिरनी प्रखंड के मुखिया संघ के अध्यक्ष बने कपिलो मुखिया मुकेश यादव वा सचिव बने बाराडीह मुखिया सहदेव यादव

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**




बिरनी प्रखंड अंतर्गत केंदुआ पंचायत भवन में स्थानीय मुखिया सहदेव यादव अध्यक्षता में एक बैठक किया गया जिसका संचालन मंझीलाडीह के मुखिया सत्येंद्र राउत ने किया इस बैठक में उप. स्थित सभी मुखिया ने बिरनी मुखिया संघ इकाई के संगठन बनाने के लिए निर्णय लिया और सर्वसम्मति से ग्राम पंचायत कपिलो के मुखिया मुकेश यादव को बिरनी मुखिया संघ का प्रखंड अध्यक्ष के लिए चयन किया गया, उसके बाद सर्व सम्मति से उपाध्यक्ष के लिए पेशम पंचायत के मुखिया रागिनी सिन्हा को चयन किया गया, प्रखंड सचिव सह मीडिया प्रभारी बाराडीह मुखिया सहदेव यादव का चयन किया गया, कोषाध्यक्ष के लिए मंझीलाडीह मुखिया सतेन्द्र राउत का चयन किया गया एवं संघ के उपसचिव सह संगठन सचिव शाखाबारा पंचायत के मुखिया ममता कुमारी को चुना गया और पाँच सदस्यीय निगरानी समिति भी बनाया है, वहीं मुखिया संघ का गठन होते हीं कपिलो मुखिया मुकेश यादव सहित सभी चयनित मुखिया को सभी मुखिया ने माला पहनाकर सम्मानित किया और संगठन के उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दिया, वहीं चयनित प्रखंड अध्यक्ष मुकेश यादव ने कहा कि मेरे लिए यह दायित्व चुनौतियों भरा है और उन्होंने अपने आप को शौभाग्यशाली बताते हुए कहा कि अपने पद के दायित्वों का निर्वहन करते हुए मुखिया साथियों के उम्मीदों पर खरा उतरूंगा और जो भी समस्या होगी मिल बैठकर समाधान करने के लिए जनहित में निर्णय लिया जायेगा। प्रखंड अध्यक्ष बनते हीं मुकेश यादव को बधाई एवं शुभकामनाएँ देने का तांता लग गया, इस दौरान पडरिया मुखिया विजय दास, बंगरा कला मुखिया सावित्री देवी, बिरनी मुखिया किसुन राम, बरमसिया मुखिया विष्णुदेव प्रसाद वर्मा, खरखरी मुखिया अभय राय, बलिया मुखिया समीना खातून, सिमराढाब मुखिया दिलीप दास, बलगो मुखिया प्रतिनिधि दीपक कुमार दास, अरारी मुखिया प्रतिनिधि सुनील वर्मा माखमरगो मुखिया प्रतिनिधि सीताराम पासवान पेशम मुखिया प्रतिनिधि गुड्डू सिन्हा सहित दर्जनों मुखिया उपस्थित थे।

## बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय में 15 वे वित्त आयोग राशि योजना को लेकर बीडियो ने की बैठक

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



ड़कागांव : उप विकास आयुक्त द्वारा हजारीबाग जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को 15 वे वित्त आयोग मद अंतर्गत आय स्रोत में वृद्धि को लेकर निर्देश जारी किया गया है। उक्त आशय को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय में बीडियो जितेंद्र कुमार पांडे की अध्यक्षता में जिला परिषद सदस्यों के साथ विशेष बैठक की गई । एवं योजनाओं के प्रस्ताव पर मुहर लगाई गई।15 वें वित्त आयोग मद अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्था के आय श्रोत में वृद्धि हेतु योजना चयन कर सूची उपलब्ध कराने के लिए जिला परिषद हजारीबाग की साधारण बैठक 26 जुलाई को किया जाएगा। 15 वें वित्त आयोग मद अंतर्गत आय श्रोत में वृद्धि हेतु योजनाओं यथा हाट बाजार, पुस्तकालय भवन, तालाब, दुकान, विवाह भवन इत्यादि का निर्माण के लिए योजनाओं का चयन किया जाना है। उप विकास आयुक्त द्वारा निर्देश दिया गया है कि प्रखंड अंतर्गत स्थल निरीक्षण एवं संबंधित जिला परिषद सदस्य से समन्वय स्थापित कर उक्त योजनाओं की सूची निश्चित तौर पर 23 जुलाई तक जिला परिषद कार्यालय में उपलब्ध कराना है। बैठक में मुख्य रूप से बड़कागांव पूर्वी जिप सदस्य गीता देवी,मध्य प्रदेश सुनीता देवी एवं पश्चिमी जिप सदस्य यासमीन निशा के अलावा प्रखंड के कई विभाग के लोग उपस्थित थे।

## चिरिदिरी और चारु पंचायत में राजस्व शिविर का हुआ आयोजन

### जमीन के सम्बंधित सैकड़ो मामले आए ,आवासीय जाती एवं आय बनने वाले भी शिविर में आए

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी : बुधवार को प्रखण्ड के चिरिदिरी पंचायत एवं चारु पंचायत में राजस्व शिविर का आयोजन किया गया ।दोनो पंचायतो में शिविर का अध्यक्षता मुखिया ने किया ।शिविर में निरीक्षण करने अंचलाधिकारी हुलास महतो ने पहुंचकर शिविर का निरीक्षण किए ।राजस्व शिविर में सैकड़ो जमीन से सम्बंधित मामले आए। जिसमे जमीन का दाखिल खारिज,प्लॉट इंट्री,एल पी सी,आवासिय, जाती एवं आए के सैकड़ो मामले दोनो पंचायतो से आया। जिसमे आय ,जाती एवं आवासीय का तुरन्त रिपोर्ट कर ऑन लाइन करवाया गया ।शिविर में राजस्व निरीक्षक अमर लाल एवं राजस्व उप निरीक्षक राजकुमार दाँगी भी उपस्थित हुए ।चिरिदिरी में मुखिया घनश्याम पांसी एवं चारु पंचायत में मुखिया रवीना देवी ने अध्यक्षता की ।शिविर में वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य आदि ने भी भाग लिया।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## अभाविप ने सलगावा में किया वृक्षारोपण

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हजारीबाग जिला इकाई के द्वारा कटकमदाग प्रखंड के सलगावाँ हाई स्कूल में वृक्षारोपण किया गया, इस कार्यक्रम में उपस्थित अभाविप हजारीबाग के जिला संयोजक सोनू राय ने कहा की अगर हम वास्तव में जीवित रहना चाहते हैं और अच्छे जीवनयापन करना चाहते हैं तो अधिक से अधिक पेड़ लगाए जाने चाहिए। ऑक्सीजन लेने और कार्बन डाइऑक्साइड को छोड़ने के अलावा पेड़ पर्यावरण से अन्य हानिकारक गैसों को अवशोषित करते हैं जिससे वायु शुद्ध और ताजा बनती है। जितने हरे-भरे पेड़ होंगे उतना अधिक ऑक्सीजन का उत्पादन होगा और अधिक विषैली गैसों को यह अवशोषित करेंगे।, वहीं वृक्षारोपण में उपस्थित प्रधानाध्यापक रीता शारदा ने कहा कि पर्यावरण को बेहतर बनाने में वृक्ष और पौधे मदद करते हैं यह हवा को शुद्ध करते हैं, पानी को संरक्षित करते हैं, इत्यादि तरीकों से समग्र पर्यावरण को लाभ पहुंचाते हैं। शलगावाँ पंचायत के उप मुखिया अवधेश प्रसाद ने कहा कि अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में वृक्षारोपण मदद करता है, पेड़ पक्षियों के साथ-साथ कई जानवरों के लिए भी एक आवास के रूप में सहायता करते है, कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक एवं शिक्षिका पार्वती देवी, सुषमा देवी, इरफान अंसारी, निर्मल कुमार, नवीन कुमार रंजन, देवनंदन कुशवाहा, पवन कुमार, जितेंद्र कुमार यादव, कटकमदाग प्रखंड सह संयोजक रविंद्र कुमार, इकाई सह मंत्री राहुल आर्या, बाल गोविंद कुमार, मनोरंजन कुमार, राहुल कुमार, विकास कुमार इत्यादि कई अभाविप कार्यकर्ता मौजूद थे।

## झामुमो के वरिष्ठ कार्यकर्ता व आंदोलनकारी का निधन

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



झामुमो गिरिडीह के वरिष्ठ कार्यकर्ता बालमुकुंद राम का आकस्मिक निधन 19जुलाई को उनके पैतृक निवास स्थान महेशलुंडी में हो गया। उनके निधन की खबर मिलने से पूरे क्षेत्र में मातम पसर गया। झामुमो गिरिडीह प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री सदस्य सह जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि भाग संख्या 37के अनवर अंसारी ने बालमुकुंद राम के निधन की खबर मिलते ही उनके आवास पहुंचे और पार्थिव शरीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। शोक व्यक्त करने और श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों का दिन भर तांता लगा रहा। झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष अनवर अंसारी ने बताया कि बालमुकुंद राम मृदुभाषी , मिलनसार प्रवृति के धनी व्यक्ति थे। वे झारखंड राज्य को जर्मींदारी प्रथा और सूदखोरी प्रथा से मुक्ति दिलाने में आंदोलनकारी की भूमिका में सक्रिय भूमिका निभाई थी और जेल भी जाना पडा था। इन्होंने हमेशा झामुमो गिरिडीह में हमेशा सक्रिय भूमिका और अग्रणी पंक्ति के कार्यकर्ता के रुप में एक्टिव रहे। आज उनके निधन से पूरे गिरिडीह झामूमो ने एक जुझारू और वरिष्ठ कार्यकर्ता को खोया है उनकी कमी हमेशा खलेगी। पूरा झामुमो गिरिडीह शोक संतप्त परिवार के साथ दुःख की घड़ी में खड़ी है।

## पंचखेरो डेम नाव हादसे में मृतक आश्रितों को मिला सरकारी मुआवजा

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



विगत दिनों पंचखेरो डैम जो कि गिरिडीह जिला एवं कोडरमा जिला के सीमा पर स्थित है, दिनांक 17.07.2022 को वहां पर आठ लोगों की मृत्यु पानी में बोटिंग के दौरान डूबने के कारण हो गई थी। सभी मृतकों की पहचान गिरिडीह जिला के धनवार प्रखण्ड के खेतो गांव के 1. सीताराम यादव, 2. सेजल कुमारी, 3. हर्षल यादव, 4.राधिका श्री, 5. राहुल कुमार, 6. रोहित कुमार, 7. शिवम कुमार, 8. संध्या कुमारी निवासी के रूप में पुष्टि की गई है। सभी मृतकों के आश्रितों को जिला प्रशासन, गिरिडीह के द्वारा 4 - 4 लाख रुपए का मुआवजा दिया गया है।

## प्रखंडवार दिव्यांग शिविर आयोजित 21जुलाई 2022से

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

कोडरमा लोकसभा सांसद सह शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमति अनपूर्णा देवी के द्वारा जारी निर्देशानुसार गिरिडीह जिला में प्रखंडवार दिव्यांग शिविर आयोजित किए जाएंगे। दिव्यांग शिविर में दिव्यांगी को कृत्रिम अंग, व्हील चेयर और केलीपर्स , श्रावण्यिका आदि प्रदान किए जायेंगे। शिविर में दिव्यांग लाभुकों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र,आधार कार्ड, एवंआय प्रमाण पत्र/राशन कार्ड या बीपीएल कार्ड लाना अनिवार्य है। शिविर में 60वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों के लिए आवश्यक उपकरण जैसे स्टिक, वैशाखी या अन्य उपकरण आवश्यकतानुसार दिए जायेंगे इसके लिए लाभुकों को आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र/राशन कार्ड या बीपीएल कार्ड लाना अनिवार्य होगा। गांवा और तिसरी प्रखंड के लिए तिसरी में 21/07/2022, को, देवरी प्रखंड के लिए देवरी में 22/07/2022को, जमुआ प्रखंड के लिए जमुआ में 23/07/2022को, राजधनवार प्रखंड के लिए राजधनवार में 25/07/2022को, बिरनी प्रखंड के लिए बिरनी में 26/07/2022को, बगोदर और सरिया प्रखंड के लिए बगोदर में 27/07/2022को, डुमरी प्रखंड के लिए डुमरी में 28/07/2022को, पीरटांड़ प्रखंड के लिए पीरटांड़ में 29/07/2022को, गांडेय और बेंगाबाद प्रखंड के लिए बेंगाबाद में 30/07/2022को और गिरिडीह सदर प्रखंड के लिए गिरिडीह में 01/08/2022को दिव्यांग शिविर का आयोजन प्रखंड मुख्यालय स्थित स्वास्थय केन्द्र परिसर में की जायेगी। उक्त जानकारी कार्यालय असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी गिरिडीह द्वारा ज़ारी ज्ञापांक 1482दिनांक16/07/2022पर आधारित है।

## भारतीय संस्कृति जिंदा रखना नितांत आवश्यक वरना और फैलेगी अशान्ति

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




गिरिडीह झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री सदस्य सह भाग संख्या 37 जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि अनवर अंसारी ने मिडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि आजकल तेजी से गांवों से लुप्त हो रही स्वस्थ परम्पराएं जब से गांवों के लोग शहर व शहरीकरण की ओर उन्मुख हुए।गांव आज भी शहर से कई गुना बेहतर हैं। गांव के त्योहार,गांव की आबोहवा ,गांव की फिजा और गांव के लोगों का प्यार व अतिथि सत्कार बेमिसाल रहे हैं।वहीं शहरी लोग अधिकतर कमजर्फ, बीमार व संगदिल होते हैं। उन्होने बेबाक तरीके से शेर बयां किया ष्ये शहर है जिसकी जिद है सीधी सादी ज्यादा से ज्यादा सुख सुविधा आजादीष गांवों में हर त्योहार को अपने ही अंदाज में मनाया जाता रहा है।होली में युवा लोग एक माह कबड्डी खेलते थे।बुजुर्ग चौपालें सजाकर हर शाम को होरी गाते थे।चौत में चौती,बरसात में कजरी गाते थे।भादो में जन्माष्टमी को झूलन का आयोजन करते थे।गांवो की ईद एवं मो. हर्रम का नजारा देखते ही बनता था।वह अखलाक व मोहब्बत बेमिसाल थी।अब वह निश्छलता एवं अविरल प्रेम दुर्लभ है।जब से गांवों के लोग शहरी हो गए गांव की परम्पराएं खत्म होने लगी।हर त्योहार बेनूर होने लगे। गांवों में शराब व मुर्गे की दुकानें जब से खुली गांवों के परिवेश खराब होने लगे। गांव के लोगों का तालाब में स्नान करना,कुएं के जल को मटके में रखकर पीना, अतिथियों को गुड़ और दही के शर्बत से स्वागत करना स्वस्थ जीवन के लिए जरुरी थे। महंगे चीजों का इस्तेमाल कर फ़िल्म स्टार और भी बीमार व कमजोर हो जाते हैं।दिन भर में वे 15 हजार रुपये के पानी पीते हैं।एक बोतल 3000 के होते हैं।विश्व प्रसिद्ध प०प डांसर माइकल जैक्सन 150 सालों तक जीना चाहता था।12 डॉक्टरों की फौज अपने साथ रखी।हर खान पान डॉक्टर के निर्देश पर करते रहे लेकिन 50 सालों में इस दुनियां को छोड़ जाना पड़ा। शहर में न तो शिक्षा है न स्वास्थ्य।फिर भी लोग अँधेदौड में भागे जा रहे हैं शहर की ओर।शहर के कान्वेंट स्कूलों में गुरु एक भी नहीं टीचर्स ज्यादा हैं।वे संस्कार व नैतिकता को नहीं जानते वे जानते हैं बजाए शिक्षा के बाजारीकरण की बखूबी जानकारी नहीं।वे बूढ़े बीमार माता पिता को बड़े होकर गांव में छोड़कर शहर जॉब के लिए आएंगे।कान्वेंट स्कूल में पढ़कर नौकर बन सकते हैं विचारक,चिंतक व लेखक नही बन सकते। शहर की शिक्षा से लोग बिगड़े ही है।आप बच्चों को कॉन्वेंट में पढ़ाकर उन्हें इंजीनियर बना दिए।पैकेज पर ज०ब के लिए बड़े शहर या विदेश चला गया।उसके बाद वो वहीं बस गया।फिर घर के कार्यक्रमो में घर के लोगों के बीमार पड़ने पर देखने नही आएगा।माता पिता के मरने पर ऑनलाइन अंत्येष्टि में भाग लेगा। जीवन भर प्राइवेट के लिए लोग भागेंगे।प्राइवेट स्कूल,प्राइवेट कॉलेज,प्राइवेट गाड़ी,प्राइवेट हॉस्पिटल पसन्द हैं पर नौकरी उन्हें सरकारी पसन्द है।

फिर से गांवो की ओर लौटना ही होगा।शुरुआत कई लोगों ने की।हमें अपने विरासत अपनी परम्पराओं को पुनर्जीवित करना ही होगा। तभी हमारा मन मस्तिष्क शांत होगा, हमारा समाज शांत होगा, हमारा राज्य और देश शांत होगा। आओ चलें शांति की ओर, गांवो की आबोहवा में शान्ति ही शान्ति है। अपने बच्चों को भारतीय सभ्यता और संस्कृति भरी शिक्षा दें ताकि वो अपना जीवन शांतिमय और सुकून से जी सके।

## झारखंड अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के प्रदेश संयोजक बने विकास कुमार सिन्हा





**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

गिरिडीह : झारखंड राज्य मुफस्सिल व समाहरणालय अनुसचिवीय कर्मचारी संघर्ष समिति की बैठक नया परिसदन भवन में आयोजित किया गया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संगठन सचिव अशोक कुमार सिंह,प्रदेश महामंत्री अशोक सिंह नयन उपस्थित थे। इस दौरान झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ की ओर से सर्वसम्मति से राज्य संयोजक के रूप में विकास कुमार सिन्हा को बनाया गया। इस दौरान विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बताया गया की राज्य के 24 जिलों में समन्वय कमेटी बनाकर राज्य के अंदर समाहरणालय एवं मुफस्सिल लिपिकों के वेतन में किए गए बदलाव पर आवाज उठाया जाएगा। जानकारी दी गई कि समाहरणालय और मुफस्सिल लिपिक 2016 के पूर्व एक थी। लेकिन 2016 के बाद अलग हो गया। जानकारी दी गई कि समाहरणालय मुफस्सिल ब्लॉक सचिवालय के लिपिकों को अलग-अलग वेतन दिया जा रहा। मांगों को लेकर बताया कि राज्य में एक सरकार है इसलिए हर विभाग के लिपिकों को एक जैसा वेतन दिया जाए।राष्ट्रीय संगठन सचिव अशोक कुमार सिंह ने कहा कि 10 वर्ष की सेवा पूर्ण कर सके संविदा अनुबंध कर्मियों का नियमितीकरण, आंगनबाड़ी, जल सहिया का सेवाशर्त नियमावली को लागू करने, क्षेत्रीय कर्मचारियों पर हो रहे हमले, समाहरणालय एवं मुफस्सिल लिपिको, पंचायत सचिव, राजस्व उपनिरीक्षक को 2400 ग्रेड पे में शामिल करना, चतुर्थ वर्ग कर्मियों को तृतीय वर्ग पर अभी तक झारखंड सरकार द्वारा सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया है जो चिंता की विषय है। इस संबंध में राज्य संयोजक विकास कुमार सिन्हा ने बताया कि जिस विश्वास और उम्मीद के साथ मुझे प्रदेश संयोजक बनाया गया है उस पर मैं खरा उतरने का काम करूंगा। उन्होंने कहा कि 24 जिलों में समन्वय कमेटी स्थापित कर 24 सौ ग्रेड पे और मुफस्सिल व समाहरणालय लिपिकों को सचिवालय लिपिकों के तरह प्रोन्नति हेतु आंदोलन किया जाएगा। बैठक में उमेश पांडे,मुक्तेश्वर सिन्हा,प्रयाग महतो,जितेंद्र सिंह,अमर किशोर प्रसाद सिन्हा, सत्यनारायण मांझी, रामजी सिंह,अमरनाथ सिंह,अनुज कुमार सिंह,समेत अन्य कई संघ के लोग उपस्थित थे।

APEM LIVE NEWS सच का साथी

APEM LIVE

डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार